an>

Title:Need to accelerate the pace of reconstruction work in regions of Uttarakhand devastated due to natural calamity in 2013.

**श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) :** मैं सरकार का ध्यान पिछले वÂ◌ाऩ उत्तराखंड में आई दैवीय आपदा की ओर दिलाना चाहती हूं। दो वÂ◌ाऩ पूर्व उत्तराखंड में आई दैवीय आपदा के कारण प्रदेश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। इस वÂ◌ाऩ भी अभी तक भारी बारिश और बर्फ के कारण सड़कें टूट चुकी हैं। चार धाम यात्रा का सीजन आरंभ हो गया है लेकिन पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों में दहशत बनी हुई है। कुदरत के इस कहर से विश्वभर में उत्तराखंड के चार धाम यात्रा को लेकर दहशत का वातावरण बना हुआ है। पिछले वÂ◌ाऩ के बाद राज्य सरकार ने किसी प्रकार यात्रा आरंभ कर दी थी, परंतु इस वÂ◌ाऩ अभी तक सड़कें यात्रा करने लायक नहीं हैं। स्थानीय लोगों के घरों का अभी भी पुनर्निर्माण नहीं हुआ है जिससे लोगों में दहशत बनी हुई है। उत्तरकाशी में आपदाग्रस्त गांवों में पुनर्निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है, उसके कार्य में तेजी लायी जाए।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि आपदाग्रस्त क्षेत्रों में निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए जाएं तथा यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु प्रदेश सरकार से निर्माण कार्यों की रिपोर्ट मांगी जाए।